आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.03.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—भारत स्वयं को कार्यबल से विश्व शक्ति में बदलकर दुनिया का नया विनिर्माण केन्द्र बन रहा है।
- प्रधानमंत्री ने पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित किया, कहा—इस वर्ष के आम बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है।
- देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह का शुभारंभ हुआ।
- अंडमान निकोबार कमान की ओर से कल चिड़ियाटापू में ट्राइथलॉन चैलेंज का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विश्व इक्कीसवीं सदी के भारत की ओर बेहद उत्सुकता से देख रहा है। नई दिल्ली में आज भारत मंडपम में एन एक्स टी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को जानने के लिए दुनियाभर से लोग भारत आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल अब वास्तविकता में बदल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, आज विश्व का विनिर्माण का नया केन्द्र बन रहा है और आज यह केवल कार्यबल नहीं, बल्कि विश्व शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि अब किसान अपने उत्पादों को वैश्विक बाजार बेच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के मंत्र को श्रेय दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का युवा सरकार की मुख्य प्राथमिकता है और शिक्षा नीति ने विद्यार्थियों को पुस्तकों से हटकर सोचने का अवसर दिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने कहा है कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश का विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए सरकार ने किसानों को गौरव का स्थान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि सरकार ने केंद्रीय बजट में 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' की घोषणा की है, जिसके तहत देश में सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले सौ जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि यह 'बीज से बाजार तक' कार्यक्रम जैसी सरकार की पहलों के माध्यम से संभव हुआ है।

प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि फलों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं और बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की भी घोषणा की गई है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत करोड़ों गरीब लोगों को घर दिए जा रहे हैं और स्वामित्व योजना ने संपत्ति मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड दिया है।

<><><><><><><>

देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम सात मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के रथ और दस अन्य वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी उपस्थित थीं। श्री नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से अपने संबंधियों और मित्रों को इस परियोजना

के बारे में जानकारी देने का भी आग्रह किया ताकि वे भी इसका लाभ उठा सकें। श्री नड्डा ने कहा कि लोगों को कम दाम पर दवाएं उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व है और सरकार ने अपना दायित्व निभाया है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि औषध विभाग के माध्यम से जन औषधि जन चेतना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को जन औषधि केंद्रों में उपलब्ध सस्ती दवाओं का लाभ उठाना चाहिए। राज्य मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और जन औषधि इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से ए एन एम और परामर्शदाताओं के लिए आर के एस के, के तहत किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के दायरे को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य से बढ़ाकर पोषण, चोट और हिंसा, गैर–संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य और मादक द्रव्यों के सेवन तक विस्तारित करना था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी, उप निदेशक डॉ. एचएम सिद्धराजू, स्वास्थ्य उप निदेशक डॉ. अविजित रॉय, परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रतो साहा उपस्थित रहे। स्वास्थ्य सेवा निदेशक ने अपने–अपने स्वास्थ्य संस्थानों में नियमित किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक आयोजित करने और किशोरों को किसी भी शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य समस्या होने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से कुल अट्ठाईस ए एन एम और पन्द्रह परामर्शदाताओं को प्रशिक्षित किया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अपने राजस्व को बढ़ाने के प्रयास में, आज डेयरी फार्म, शादीपुर, मजार पहाड़ और साउथ प्वाइंट में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए करों का भुगतान को आसान बनाना है। अभियान के परिणामस्वरूप नगरपालिका करों में तैंतालीस लाख सत्तर हजार तीन सौ चार रुपये का संग्रह हुआ। आगामी शनिवार को चक्करगांव, जंगलीघाट और डेयरीफार्म में अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से कल ट्राइथलॉन चैलेंज का आयोजन किया जाएगा। चिड़ियाटापू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यभूमि से आए पर्यटक और स्थानीय लोग शामिल होंगे। इसमें कुल दो सौ छप्पन प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। दौड़ को सुबह कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

<><><><><><><>